नेतरहाट आवासीय विद्यालय

पो॰–नेतरहाट – 835218, लातेहार, झारखण्ड।

प्रो॰ बिमलांशु शेखर मल्लिक
(प्राचार्य)
मो॰– 9431707987
कार्यालय नं॰– 06569-277644
ईमेल– principal.netarhat@gmail.com
वेबसाईट– www.netarhatvidyalaya.com

<u>स्मार–1</u>

पत्रांक :115 — कैम्प रांची, 18 जुलाई, 2014

प्रिय नोबा बंधुगण एवं नेतरहाट विद्यालय के पूर्व तथा वर्तमान परिवार के सदस्यगण,

विषय : ***नेतरहाट विद्यालय के हीरक जयंती समारोह (13-15 नवम्बर, 2014) से सम्बन्धित आमंत्रण।***

मान्यवर,

उपर्युक्त विषयक आपको आमंत्रण पत्र दिनांक 04.06.2014 को ऑनलाईन भेजा गया जिसमें, अन्य बातों के अतिरिक्त, इच्छुक महानुभावों से समारोह में सहभागिता हेतु निबंधन कराये जाने का आग्रह किया गया। प्रस्तावित निबंधन की पृष्ठभूमि में मूल भावना यही निहित है कि विद्यालय प्रशासन को इस बात की स्पष्ट जानकारी एवं आंकड़े प्राप्त हो जायें ताकि तद्नुसार तत्सम्बन्धी आवश्यक तैयारियां प्रारम्भ की जा सकें तथा विहित समय पूर्व उन्हें अंतिम रूप दिया जा सके। इस हेतु सरकार से बजटीय उपबंध की राशि अनुपलब्ध होने के कारण आगत निबंधित 'डेलेगेट्स' के नेतरहाट में आवासन, भोजनादि के व्यय का वहन उनसे प्राप्त निधि के आधार पर ही किये जाने का निर्णय लिया गया। इस आलोक में ही प्रति सदस्य निबंधन राशि 1,000/-रूपये निर्धारित किये गये तथा आवासन, भोजनादि के मद में प्रति दो व्यक्ति, प्रतिदिन 5,000/-रूपये के दर से 3 रात्रि व 4 दिनों के लिये अनुमानित 15,000/-रूपये जमा कराये जाने का अनुरोध किया गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि तत्समय बाजार दर के आधार पर यह अनुमानित राशि बढ़ या घट सकती है।

विगत 11 जुलाई, 2014 को रांची, नेतरहाट नोबा इकाईयों के साथ सम्पन्न समन्वय बैठक में, अन्य बातों के अतिरिक्त, समीक्षा के क्रम में यह बताया गया कि अब तक मात्र 14 डेलेगेट्स के निबंधन शुल्क सीधे नेतरहाट स्थित बैंक खाते में ऑनलाईन प्राप्त हुये हैं। पूर्व प्रेषित पत्र दिनांक 4.6.2014 में निबंधन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि, 31 जुलाई 2014 संसूचित है तथा अब तक प्राप्त निबंधन आवेदन की स्थिति अत्यल्प है। एतद् स्थिति में विद्यालय प्रशासन को डेलेगेट्स की संख्या के आकलन में स्पष्टतः कठिनाई दीख पड़ती है, तथा तत्सम्बन्धी आवश्यक तैयारियों के निर्णय में भी असुविधा हो रही है।

बि.शे.म.

संख्या के आकलन में स्पष्टतः कठिनाई दीख पड़ती है, तथा तत्सम्बन्धी आवश्यक तैयारियों के निर्णय में भी असुविधा हो रही है।

अतएव पुनः आप सभी महानुभावों से यह आग्रह है कि समारोह में अपनी सहभागिता हेतु यथा पूर्व प्रेषित निबंधन आवेदन (पुनः प्रतिलिपि संलग्न) के साथ निबंधन शुल्क, प्रति 'डेलेगेट्' 1,000/- रूपये तथा आवासन, भोजनादि हेतु प्रति 2 व्यक्ति 15,000/-रूपये निम्नलिखित बैंक खाते में कृपया जमा करावें।

नेतरहाट विद्यालय विकास कोष
SB A/C NO. 11873383941
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नेतरहाट शाखा
IFC CODE – SBIN0002985

सादर एवं शुभ कामनाओं सहित,

भवदीय,

बिमलांशु शेखर मल्लिक

(बिमलांशु शेखर मल्लिक)
प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय,नेतरहाट।

अनुः एक (यथोपरि)